# आग से किसान की घर-गृहस्थी राख के ढेर में तब्दील, सहायता की गुहार

## चार लाख की नकदी भी जली, ग्राम पहाड़ी मुस्लिमपुरवा की घटना

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)


जला घर देखते भुक्तभोगी और ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में आग का कहर जारी है। सोमवार सुबह एक किसान के घर में आग लग गई और जब तक उस पर काबू पाया जाता, सब कुछ राख हो गया। आग लगने की वजह पता नहीं चल सकी। किसान के अनुसार, करीब चार लाख की नकदी भी आग की भेंट चढ़ गई और घर-गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।

सोमवार सुबह साढ़े छह बजे के आसपास तहसील क्षेत्र के ग्राम पहाड़ी मुस्लिमपुरवा में छोटेलाल पुत्र दौलत के घर में आग लग गई। छोटेलाल ने किसी तरह परिवार के सदस्यों को सुरक्षित घर से बाहर निकाला। घर वालों ने ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने की कवायद की। जब तक आग बुझती, किसान की सालभर की मेहनत और कमाई राख हो चुकी थी।

छोटेलाल ने बताया कि अचानक लगी आग से उसकी घर-गृहस्थी का सारा सामान जिसमें अनाज, भूसा, कपड़े, बिस्तर वगैरह सभी था, जल गया। लगभग चार लाख की नकदी भी राख हो गई। अचानक लगी आग से उसके ऊपर परेशानियों का पहाड़ गिर पड़ा है। किसान ने प्रशासन से मदद की गुहार की है। लेखपाल रावेंद्र सिंह ने बताया कि घटनास्थल का मौका मुआयना कर लिया गया है। मुआवजा के लिए कार्रवाई की जा रही है।

### पिछले 10 दिन में आग ने बरपाया कहर

- दो मई को मऊ तहसील के धवाड़ा मजरा कोल्हुआ में आग से एक दर्जन परिवारों की घर-गृहस्थी राख।
- एक मई को राजापुर तहसील के कलवारा बुजुर्ग मजरा धोबिनपुरवा में दो भाइयों के घर जले।
- 30 अप्रैल को कोतवाली अंतर्गत सिद्धपुर गांव में आग से दंपति की जलकर मौत।
- 29 अप्रैल को पहाड़ी ब्लाक के कहेटा माफी गांव में गृहस्थी राख, बालक समेत दो लोग झुलसे।
- 29 अप्रैल को खप्टिहा गांव में आग से किसान का घर, अनाज, गृहस्थी का सामान राख।
- 28 अप्रैल को रामनगर के घुरेहटा अमरपुर मजरा शिरोमन का डेरा में पशुबाड़े में आग से पांच बीघे का भूसा राख।

## 34 आरोपियों पर मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**चित्रकूट।** पुलिस ने 34 आरोपियों पर मिनी गुंडा एक्ट लगाया है। थानाध्यक्ष मारकुंडी मनीष कुमार ने लाल कोल, देवमुनि कोल निवासी डोडामाफी, जगदीश कुशवाहा निवासी इटवा डुडैला, भोले निवासी टिकरिया, शिवकुमार कोल निवासी बगरहा मजरा, सीताराम कोल, रामप्रसाद निवासी टिकरिया, गेंदालाल कोल निवासी मारकुंडी, एसओ भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह ने रामप्रकाश, ओमप्रकाश, प्रेमचंद, रामचंद्र निवासीगण रसिन, अनिरुद्ध, निखिल, कमाल, विमल निवासीगण भैसोंधा, संतोष, लखन, गया प्रसाद निवासीगण रामपुरवा माफी भारतपुर, तुलसीदास, रामबहोरी निवासीगण भरथौल, जगमोहन यादव, गया प्रसाद, रामहित्र, बाला प्रसाद, राजा भइया उर्फ प्रमोद, छेतानी निवासीगण इटखरी, राजा भइया निवासी करारी, दीपक पटेल उर्फ अवधेश निवासीगण लोखरिया के विरुद्ध धारा 110 जी सीआरपीसी की कार्रवाई की।

# प्रशिक्षण में सभी बातों को जान लें निर्वाचन आयोग की बुकलेट भी पढ़ें

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- डीएम ने सेक्टर-जोनल मजिस्ट्रेटों को दिए निर्देश
- अधिकारियों से बूथों का निरीक्षण करने को कहा



प्रशिक्षण के दौरान जानकारी लेते डीएम और सीडीओ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने चुनाव में सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों की जिम्मेदारी संभाले अधिकारियों को हिदायत दी कि वे सभी बातों को ठीक से जान लें, जिससे चुनाव के समय दिक्कत न हो।

सोमवार को विकास भवन सभागार में चित्रकूट और मानिकपुर विधानसभा क्षेत्रों के सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण हुआ। डीएम ने कहा कि आयोग द्वारा एमपीएस एप, मतदान प्रतिशत संकलन एप लागू किया गया है। उसीके अनुसार मतदान प्रक्रिया की जानकारी मोबाइल पर डाउनलोड करके दी जानी है। एआरओ द्वारा सेक्टर मजिस्ट्रेट का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। सेक्टर मजिस्ट्रेट पीठासीन अधिकारियों का रजिस्ट्रेशन करेंगे। अधिकारियों को सभी बूथों का निरीक्षण करने और समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की बुकलेट को भी ठीक से पढ़ लें। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# ग्रामोद्योग को बढ़ावा दे रही सरकार

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)


प्रदर्शनी का उद्घाटन करते नगर पंचायत अध्यक्ष। अमृत विचार

- तुलसी चौक में स्वदेशी खादी महोत्सव का उद्घाटन

**अमृत विचार।** नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। उन्होंने सोमवार को तुलसी चौक के पास स्वदेशी खादी महोत्सव का उद्घाटन किया।

नपंअ ने कहा कि सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में हथकरघा से वस्त्रों के निर्माण पर अनुदान का प्राविधान किया है। बुनकरों को सस्ते दरों पर ऋण की भी सुविधा है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में खादी और सूती वस्त्रों का चलन कम हो रहा है। इस तरह के आयोजनों से समाज में जागरूकता पैदा हो सकती है। आयोजक अनमोल गुप्ता ने बताया कि मेला और प्रदर्शनी लगाकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए जागरूक किया जाता है।

इस दौरान खादी और सूती वस्त्रों में छूट दी जाती है। इस अवसर पर कमलेश कुमार पांडेय, सुशील द्विवेदी, सत्येंद्र पांडेय, दयाशंकर मिश्र, महेंद्र मिश्रा, श्रवण कुमार पांडेय, बालकृष्ण शर्मा, अजय पांडेय, अशोक द्विवेदी, दीपक जायसवाल, कैलाश जायसवाल, संजय जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीण ने फांसी लगाकर जान दी

**मऊ (चित्रकूट)।** मानसिक रूप से परेशान चल रहे एक ग्रामीण ने फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के मुताबिक, मंडौर निवासी दादू मौर्या (45) उर्फ राजबहादुर पुत्र गंगा ने गांव के होलाई बगीचे में आम के पेड़ में लोअर से फांसी लगाकर जान दे दी। घरवालों ने बताया कि वह देर रात घर से निकला था। जब गांव के लोग सुबह शौच आदि के लिए खेत की ओर गए तो दादू का पेड़ से लटकता शव देखा। मृतक के पुत्र बोदर ने बताया कि वह अवसाद में रहता था। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के परिवार में पत्नी मंजू देवी और चार पुत्र हैं।

# बेड़ी पुलिया से निर्मोही अखाड़ा तक नो एंट्री

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- अमावस्या के मद्देनजर किया गया रूट डायवर्जन
- आठ मई को रात साढ़े नौ बजे तक लागू रहेगी व्यवस्था



**अमृत विचार।** बैशाख के अमावस्या मेले के मद्देनजर यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन किया है। यह व्यवस्था सात मई प्रातः साढ़े पांच से आठ मई रात साढ़े नौ बजे तक लागू रहेगी। इस अवधि में भारी एवं मध्यम मालवाहनों का कर्वी नगर में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। निर्मोही अखाड़ा यूपी एमपी बार्डर से बेड़ी पुलिया तिराहा तक श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत नया नो एंट्री मार्ग घोषित किया गया है ।

यातायात पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आठ मई के बाद नगर में 30 दिनों तक रूट डायवर्जन और शहर में आवागमन के प्रतिबंध जारी रहेंगे। इसके अनुसार, लोढ़वारा मोड़, राजापुर मार्ग में सुबह साढ़े पांच बजे से रात साढ़े नौ बजे तक रेहुटिया (रेलवे क्रॉसिंग के पूर्व) प्रयागराज रोड, खोह (पुलिस लाइन तिराहा) और शेषनपुरवा मोड़ सोनेपुर, सतना रोड पर प्रातः साढ़े पांच बजे से रात 10 बजे तक, बेड़ी पुलिया (मत्यगजेंद्रनाथ धर्मकांटा) बांदा रोड और निर्मोही अखाड़ा यूपी एमपी बार्डर से बेड़ी पुलिया तिराहे तक प्रातः साढ़े पांच बजे से रात 11 बजे तक भारी एवं मध्यम मालवाहनों (आपातकालीन एवं आवश्यक वस्तुओं के वाहनों को छोड़कर) का प्रवेश एवं परिवहन या आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। प्रातः साढ़े पांच बजे नो एंट्री बैरियरों से प्रवेश करने वाले भारी माल वाहन प्रातः छह बजे तक क्षेत्र से बाहर निकाले जाएंगे।

### अमावस्या पर चलाई गईं दो मेला स्पेशल ट्रेन

**चित्रकूट।** रेलवे ने बैशाखी अमावस्या पर दो मेला स्पेशल ट्रेन चलाई हैं। इसके अलावा एक ट्रेन का विस्तारीकरण किया गया है। सात से नौ मई तक चित्रकूट से वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी रेलवे स्टेशन तक चलाई जाएगी। यह झांसी से सुबह 10 बजकर दस मिनट पर चलेगी और शाम पौने पांच बजे चित्रकूट धाम कर्वी पहुंचेगी| कर्वी स्टेशन से यह शाम सात बजकर 25 मिनट पर चलेगी और रात एक बजे झांसी पहुंचेगी। दूसरी मेला स्पेशल वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी रेलवे स्टेशन से रात आठ बजकर दस मिनट पर चलेगी। यह गाड़ी चित्रकूट धाम कर्वी सुबह तीन बजकर पांच मिनट पर पहुंचेगी| कर्वी स्टेशन से इसका प्रस्थान सुबह चार बजकर 40 मिनट पर होगा। यह गाड़ी वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी रेलवे स्टेशन पूर्वाह्न 11 बजकर 10 मिनट पर पहुंचेगी। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, सात मई से नौ मई तक वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी–बांदा मेमू ट्रेन को चित्रकूट धाम कर्वी तक विस्तारीकरण किया गया है।


धगवां गांव में बाइक रैली निकालते कर्मचारी। अमृत विचार

# बाइक रैली निकालकर वोट डालने के लिए किया प्रेरित

संवाददाता,सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के इन्दरपुरा गांव में ग्राम विकास अधिकारी ने ग्रामीणों के साथ बाइक से मतदाता जागरूक रैली निकालकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही मतदाता शपथ भी दिलाई गई।

सोमवार को इन्दरपुरा गांव में ग्राम विकास अधिकारी राधेश्याम ने कर्मचारियों व ग्रामीणों के साथ मतदाता जागरूक बाइक रैली निकालकर मतदान की शपथ दिलाई। धगवां, जरिया, मंगरैल सहित दो दर्जन गांव में भी ग्राम पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहित ग्राम स्तरीय कर्मचारियों ने मतदाता जागरूक रैली निकाल कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। सभी ग्राम पंचायत के सचिव, प्रधान, रोजगार सेवक व पंचायत सहायक तथा ग्रामीण मौजूद रहे।

# सपा ने वोट के लिए श्यामलाल को बनाया प्रदेश अध्यक्ष:विनय

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट


विनय पाल।

**अमृत विचार।** बसपा नेता और अधिवक्ता विनय कुमार पाल ने कटाक्ष किया कि समाजवादी पार्टी ने वोटबैंक साधने के लिए श्यामलाल पाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है।

विनय ने कटाक्ष किया कि आखिरकार सपा को पाल समाज की जरूरत पड़ ही गई। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने कभी समाज को महत्व नहीं दिया। सुभाष पाल को आश्वासन देने के बाद टिकट नहीं दिया गया था।

पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान बुंदेलखंड में भी समाज की उपेक्षा की गई। उन्होंने कहा कि बसपा ने समाज के लोगों को सम्मान दिया है। प्रदेश अध्यक्ष पर भी समाज के विश्वनाथ पाल को जिम्मेदारी दी है। प्रदेश में सात कैबिनेट मंत्री बनाए थे तो दो-दो राज्यसभा सदस्य भी बनाए। उन्होंने दावा किया कि सपा ने प्रदेश में वोटरों को गुमराह करने के लिए ही प्रदेश अध्यक्ष बदला है।



### बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**चित्रकूट।** सोमवार को कृषक इंटर कॉलेज चौरी में स्काउट/गाइड ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। बच्चों ने नारे लिखी तख्तियां लेकर गांव का भ्रमण किया और लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य रुद्र नारायण पांडे, स्वीप योजना प्रभारी प्रेमचंद्र, सहायक प्रभारी विनोद कुमार मौजूद रहे।

### परिवहन विभाग ने किया मतदाताओं को जागरूक

**चित्रकूट।** परिवहन विभाग चित्रकूट ने लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने की प्रेरणा दी। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला, संभागीय निरीक्षक प्रविधिकी गुलाबचंद, यात्रीकर मालकर अधिकारी डा. संतोष कुमार तिवारी की अगुवाई में कर्मचारियों ने वाहनों में स्टीकर चस्पा किए।

## चोरी और आगजनी का आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** कोतवाली पुलिस ने रजिस्ट्री कार्यालय में हुई चोरी और आगजनी की घटना के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इससे चोरी का लैपटॉप भी बरामद किया गया है। थाना कोतवाली कर्वी की पुलिस ने रजिस्ट्री कार्यालय में हुई चोरी एवं आगजनी के एक और अभियुक्त को चोरी के लैपटाप के साथ गिरफ्तार कर लिया।

23 जनवरी की रात धुस मैदान स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में कुछ लोगों ने चोरी करके आग लगा दी थी। इस संबंध में सब रजिस्ट्रार राजेश सिंह की तहरीर पर कोतवाली में अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इस घटना को लेकर कई तरह के सवाल उठे थे। पुलिस घटना से संबंधित छह आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। रविवार को एसआई अनिल कुमार और आरक्षी नीतू द्विवेदी ने विवेचना से प्रकाश में आए पुरानी कोतवाली के पास रहने वाले आरोपी आकाश यादव को चोरी के लैपटॉप के साथ गिरफ्तार किया।

## सार-संक्षेप


परिक्रमा पथ से अतिक्रमण हटवाते अधिशासी अधिकारी। अमृत विचार

### परिक्रमा पथ से हटवाया गया अतिक्रमण

**सीतापुर (चित्रकूट)।** अमावस्या के मद्देनजर सोमवार को परिक्रमा मार्ग खोही में भीड़भाड़ वाली जगहों से अतिक्रमण हटवाया गया। अधिशासी अधिकारी लालजी ने दुकानदारों से कहा कि परिक्रमा पथ पर दुकान न लगाएं। बताया कि गर्मी को देखते हुए पालिका प्याऊ लगवाएगी। कोतवाली प्रभारी उपेंद्र सिंह, चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग रमेश यादव के साथ पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### खोया मोबाइल बरामद कर सौंपा

**चित्रकूट।** 28 अप्रैल को अरुण कुमार निवासी ग्राम हरसबपुर घाटमपुर (कानपुर) ने मोबाइल खो जाने के संबंध में पोर्टल में शिकायत दर्ज की थी। इस पर भरतकूप थाने के आरक्षी सलीम खान ने मोबाइल की लोकेशन के आधार पर बरामद कर अरुण कुमार को सौंपा। मोबाइल पाकर अरुण ने पुलिस की तत्परता की सराहना की।

### चार आरोपियों पर लगाया गुंडा एक्ट

**चित्रकूट।** पुलिस ने चार आरोपियों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। सरधुआ के प्रभारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी ने भारतलाल पुत्र राजनारायण, रामलखन पुत्र लालजी, लालजी पुत्र नत्थू निषाद निवासीगण हरिशनपुर पर धारा 03 यूपी गुंडा एक्ट की कार्रवाई की। थानाध्यक्ष मारकुंडी मनीष कुमार ने राहुल मिश्रा पुत्र शिवनारायण निवासी पयासी का पुरवा मजरा किहुनियां पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है।

### नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श

**सीतापुर (चित्रकूट)।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के आंतरिक मूल्यांकन गुणवत्ता समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला हुई। इसमें नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों पर विचार विमर्श किया गया। प्रो. पीके बाजपेई कुलपति जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय छपरा (बिहार) ने चुनौतियों का सम्यक समाधान खोजने तथा इसको विश्वविद्यालयों में और प्रभावी बनाने पर चर्चा की। प्रो. नरेश चंद्र गौतम, कुलपति प्रो. भरत मिश्रा आदि ने भी विचार रखे। प्रो. अमरजीत सिंह, शशिकांत त्रिपाठी, डीपी राय आदि मौजूद रहे।

### महाराजा दक्ष प्रजापति सेवा समिति की बैठक संपन्न

सरीला( हमीरपुर)। राठ कस्बे में महाराजा दक्ष प्रजापति समाज सेवा समिति की बैठक हुई। इसमें सामूहिक विवाह सम्मेलन की चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 8 जून 2024 को 11वां सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न कराया जाएगा। जिसमें जो लोग अपनी बच्चियों की शादी करना चाहते हैं वह अपने रजिस्ट्रेशन बहुत जल्दी करा लें। बैठक की अध्यक्षता दयाराम ने की। रामऔतार प्रजापति, गया प्रसाद प्रजापति, मुरलीधर, हरगोविंद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

साथी हाथ बढ़ाना | 'अमृत विचार' की खबर की पहल से अग्निपीड़ित परिवार की सहायता के लिए आगे आए लोग

# बिटिया की शादी को मिली मदद तो भर आईं माता–पिता की आंखें

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)


आफत : घर में लगी आग से लाखों की संपति राख, गृहस्वामी झुलसा

27 अप्रैल के अंक में प्रकाशित खबर।


गांव पहुंचे अधिकारी और शिक्षक। अमृत विचार


मदद पाकर भावुक हो गया किसान परिवार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** 'अमृत विचार' में अग्निपीड़ित किसान परिवार की खबर प्रकाशित होने और अपील पर शिक्षकों ने मदद के हाथ बढ़ाए। आग से गृहस्वामी की बिटिया की शादी के लिए रखे लाखों रुपये भी जल गए थे। सोमवार को बीईओ रामनगर एनपी सिंह और प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय के साथ शिक्षकों ने बिटिया की शादी के लिए लगभग दो लाख रुपये की धनराशि सौंपी।

गौरतलब है कि 26 अप्रैल को विकास खंड रामनगर के ग्राम पंचायत गोबरौल के मजरा खेरवा में देवीचरण सिंह के घर लगी भीषण आग ने सब कुछ राख कर दिया था। बेटी रोशनी की शादी की तैयारियां भी आग की भेंट चढ़ गई थी। आग बुझाने की कोशिश में बदहवास देवीचरण झुलस गया था। बिटिया की शादी के लिए रखे लाखों रुपये जल गए थे। इस खबर को 'अमृत विचार' ने 27 अप्रैल के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। एसडीएम प्रमोद झा ने पीड़ित परिवार के घर जाकर मदद की थी और 30 अप्रैल के 'अमृत विचार' में एसडीएम ने पीड़ित परिवार की मदद करने की अपील की थी। अखबार में खबर प्रकाशन के बाद बिटिया की शादी के मदद के लिए कई लोग आगे आए। खंड शिक्षाधिकारी रामनगर एनपी सिंह ने भी जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय बेसिक शिक्षक संघ अखिलेश पांडेय से अनुरोध किया था कि वह भी शिक्षकों के साथ इस पीड़ित परिवार को यथासंभव मदद करें।

अखिलेश ने बताया कि शिक्षक पहले भी मदद करते रहे हैं लेकिन पहले शिक्षकों के परिवार तक सीमित थे लेकिन 'अमृत विचार' ने हमें प्रेरित किया तो हम पहली बार शिक्षक परिवार से इतर मदद करने के लिए बढ़ चढ़कर आगे आए। उन्होंने बताया कि रामनगर के सभी शिक्षकों, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों ने तो मदद की ही राज्यपाल पुरस्कार से पुरस्कृत सेवानिवृत्त शिक्षक रामलोटन पांडेय ने दस हजार रुपये का सहयोग दिया। एक लाख 88 हजार रुपये बेटी रोशनी की शादी के लिए दिए गए। इस मौके पर उसकी मां कविता सिंह व पिता देवी चरण सिंह भावुक हो गए।

### बच्चों ने भी दी धनराशि और टाफियां

प्राथमिक विद्यालय उफ़रौली के प्रधानाध्यापक राजू यादव ने अपने विद्यालय के छात्रों द्वारा एकत्रित की गई धनराशि व टाफ़ी चॉकलेट का डिब्बा भी पीड़ित परिवार को भेंट की तो परिवारीजनों की आंखें भर आईं।

### नाले में मिला युवती का शव

**राजापुर)।** चित्रकूट के राजापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत तीर मऊ गांव के लौकछा नाले में युवती शव मिलने से हड़कंप मच गया। भनक लगते ही मौके पर लोग एकत्र हो गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच–पड़ताल की। खबर लिखे जाने तक मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। युवती की उम्र 18 से 20वर्ष बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच–पड़ताल की जा रही है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# जिले के 2.92 लाख युवा मतदाता बनेंगे 'मुकद्दर का सिकंदर'

कार्यालय संवाददाता,बांदा

- सांसद चुनने में युवाओं की भूमिका रहेगी निर्णायक
- 17 हजार से ज्यादा युवा मतदाता पहली बार करेंगे वोट

**अमृत विचार।** चित्रकूट-बांदा संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव में इस बार युवा वोटर 'मुकद्दर के सिकंदर' होंगे। जिले की चारों विधान सभा क्षेत्रों में दो लाख से ज्यादा युवा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि युवा मतदाता ही इस लोकसभा सीट पर जीत के निर्णायक बनेंगे। 17 हजार से ज्यादा ऐसे युवा मतदाता होंगे जिनके इस लोकतंत्र के महापर्व पर पहली बार उंगली पर स्याही पहली बार लगेगी।

बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्रों में शामिल जनपद की चार विधान सभा क्षेत्रों बांदा सदर, नरैनी (सुरक्षित), बबेरू और तिंदवारी में मतदाताओं की संख्या 13, 28, 339 हैं। इनमें 18 से 19 साल के मतदाताओं की संख्या 17,921 और 20 से 29 साल के बीच के युवा मतदाताओं की संख्या 2,74,752 अंकित की गई है। जिले में पांचवें चरण के तहत 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव मतदान में 18 से 29 साल के बीच के 2,92,673 युवा मतदाता चारों विधान सभा क्षेत्रों में निर्णायक की भूमिका निभाएंगे। आयोग को जिले के निर्वाचन विभाग की ओर से भेजी गई ऐसे ही तथ्य सामने आए हैं। इससे स्पष्ट है कि युवा तरंग जिस पार्टी की ओर झुकेगी जीत की लहर उस ओर दिखाई देगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश वर्मा ने बताया कि आयु वर्गवार आंकड़े आयोग को भेजे गए हैं। इस बार युवाओं को मतदाता बनाने में कोई कसर नहीं रखी गई है। अब इन मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिले में लगातार अभियान चलाया जा रहा है।



### जिले के चार विधान सभा क्षेत्रों में युवा मतदाताओं का ब्योरा

| | 18 से 19 वर्ष | 20 से 29 वर्ष |
|---|---|---|
| तिंदवारी | 4820 | 69,932 |
| बबेरू | 3,601 | 66,834 |
| नरैनी | 5,168 | 74,567 |
| बांदा | 4,332 | 63,419 |
| योग- | 17,921 | 2,74,752 |

### नरैनी विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा युवा वोटर

जनपद में सबसे ज्यादा युवा वोटर नरैनी विधानसभा क्षेत्र में हैं। यहां पर 18 से 19 आयु के 5,168 मतदाता हैं। जबकि 20 से 29 साल के मतदाताओं की संख्या 74,567 है। दूसरे नंबर पर तिंदवारी विधान सभा क्षेत्र है। यहां पर 20 से 29 साल के 69,932 और 18 से 19 साल के 4,820 युवा मतदाता हैं। तीसरा नंबर बांदा सदर विधानसभा क्षेत्र का है। यहां पर 20 से 29 साल के 63,419और 18 से 19 साल के 4,332 वोटर हैं। सबसे कम युवा मतदाता बबेरू विधान सभा क्षेत्र में हैं। यहां 18 से 19 साल के 3,601 और 20 से 29 वर्ष के 66,834 मतदाता हैं।

# डीआईजी से मिलकर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगाई गुहार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- एक सप्ताह पूर्व चिल्ला थाने में गंभीर धाराओं में दर्ज हुई थी एफआईआर
- एक आरोपी पर गुंडा एक्ट व पॉक्सो समेत गंभीर मामले हैं दर्ज



डीआईजी से शिकायत करने जाते पीड़ित।

**अमृत विचार।** एक सप्ताह पहले दबंग पिता-पुत्र ने अपने ही रिश्तेदार को लेन-देन के विवाद में जान से मारने का प्रयास किया था। मामले को लेकर थाने में मुकदमा भी दर्ज है, लेकिन आरोपियों की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी। पीड़ित पक्ष ने डीआईजी से मुलाकात की और पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेजने की गुहार लगाई है।

मामला चिल्ला थाने के डिघवट गांव का है। 28 अप्रैल को थाने के पदारथपुर गांव निवासी देवीचरण मिश्रा अपने पुत्र आशीष के साथ रिश्तेदार ब्रजेश शुक्ला निवासी डिघवट थाना चिल्ला के घर उधार दिए हुए1.2 लाख रुपए वापस मांगने गया था। ब्रजेश ने रुपये वापस करने के बजाय उनके साथ अभद्रता की और उसके पुत्र अभिषेक शुक्ला ने तमंचे से फायर झोंक दिया। इस संबंध में थाना चिल्ला में दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज है। पीड़ित देवीचरण का कहना है कि पुलिस की सांठगांठ और आरोपी के रसूख के चलते उसकी गिरफ्तार नहीं हो पा रही है। जिससे बुलंद हौसलों के साथ आरोपी दबंग पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए सुलह समझौता करने का दबाव बना रहे हैं। डीआईजी को शिकायती पत्र देकर पीड़ित ने बताया है कि मुकदमे के नामजद आरोपी अभिषेक शुक्ला उर्फ चुन्नू के खिलाफ थाना चिल्ला में पाक्सो एक्ट, बलात्कार समेत विभिन्न अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और आरोपी पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई भी प्रचलित है।

# महाराणा प्रताप का अपमान करने पर भड़के भाजपाई, किया प्रदर्शन

## राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा, सपा नेताओं की गिरफ्तारी की मांग

कार्यालय संवाददाता,बांदा

- ज्ञापन में की गई दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग
- क्षत्रिय समाज ने चुनाव में सबक सिखाने की दी चेतावनी

**अमृत विचार।** मैनपुरी में सपा कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप के अपमान पर भड़के भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में दोषियों की गिरफ्तारी के साथ ही सख्त कार्रवाई की मांग की गई। कहा है कि इस कृत्य के लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव देश से सार्वजनिक मांफी मांगें।

एक दिन पहले मैनपुरी में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के रोड शो के बाद करहल चौराहे पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर झंडा लगाए जाने का मामला तूल पकड़ गया। भाजपा ने इसे राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप का अपमान बताया। मैनपुरी में महाराणा प्रताप के अपमान के विरोध की चिंगारी जिले तक आ गई। मामले को लेकर सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह की अगुवाई में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कड़ा आक्रोश जताते हुए प्रदर्शन किया और कलेक्ट्रेट पहुंच कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल को सौंपा।



डीएम को ज्ञापन सौंपते भाजपाई। अमृत विचार

इसमें कहा गया है कि महाराणा प्रताप जैसे महान योद्धा ने देश के लिए अपना सब कुछ कुर्बान कर दिया, घास की रोटी खाकर भी मुगलों के सामने नहीं झुके। सत्ता के लालच में सपाई राष्ट्र नायक को अपमानित करने का काम कर रहे हैं। क्षत्रिय समाज लोकसभा चुनाव में सबक सिखाएगा। इस कृत्य के लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव देश से सार्वजनिक रूप से मांफी मांगे। ज्ञापन में दोषियों की गिरफ्तारी के साथ सख्त कार्रवाई की भी मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में संतोष कुमार गुप्त, बीके सिंह, स्वर्ण सिंह सोनू, गोविंद सिंह, नरेंद्र सिंह परिहार, अमित सेठ भेलू, राजकुमार राज, अंकित बासू, ममता मिश्रा, जागृति वर्मा, रामप्रसाद सोनी, नरेंद्र सिंह नन्ना, राकेश दद्दू समेत तमाम भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

### क्षत्रिय समाज से माफी मांगें सपा मुखिया

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह परिहार के नेतृत्व में महासभा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मैनपुरी घटना को लेकर कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि मैनपुरी में सपाइयों द्वारा किया गया महाराणा प्रताप का अपमान निंदनीय है। उन्होंने इसे पूरी तरह से अक्षम्य व दंडनीय कृत्य करार दिया है। महासभा के उपाध्यक्ष श्याम सिंह ने कहा कि आगामी 9 मई को शहर स्थित एक मैरिज हाल में राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप की जयंती मनाई जानी है, इसके पूर्व ही महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनादर करने वाले सपाइयों की गिरफ्तारी की जानी चाहिए, अन्यथा की स्थिति में राष्ट्रवादी सनातन धर्मी एवं क्षत्रिय समाज आंदोलन करेगा। इस मौके पर अजय सिंह गौर, एसके सिंह, गोविंद सिंह कछवाह, बीके सिंह, मनरूप सिंह, प्रशांत सिंह, यशपाल सिंह, नीलांबर सिंह, पतिराखन सिंह, बीएन सिंह, कैप्टन एसबी सिंह राठौर, क्षत्रपाल सिंह, रणविजय सिंह, आरएन सिंह, शिवमंगल सिंह आदि रहे।

# कोई चलाएगा ट्रक-क्रेन तो कोई बजाएगा बांसुरी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- चुनाव चिह्न आवंटन के साथ प्रत्याशियों ने किया प्रचार अभियान का आगाज

**अमृत विचार।** बांदा-चित्रकूट लोकसभा चुनाव के लिए 20 मई को मतदान किया जाना है। सोमवार को नाम वापसी के बाद दर्जनभर उम्मीदवार चुनाव के मैदान में अपनी ताल ठोंक रहे हैं। राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों को जहां उनके दलीय चुनाव चिह्न निर्धारित हैं, वहीं रजिस्ट्रीकृत राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के लिए चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित चुनाव चिह्न आवंटित किए गए हैं।

देश की सबसे बड़ी पंचायत के रण में अब सभी सियासी दलों के उम्मीदवार अपना प्रचार प्रसार तेज किए हुए हैं। वहीं सोमवार को नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने के बाद रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों के लिए भी चुनाव आवंटित कर दिए गए हैं। भाजपा, सपा और बसपा के अलावा राष्ट्र उदय पार्टी के गुलाब चंद्र वर्मा को ट्रक, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के दिनेश कुमार पटेल को कटहल, भागीदारी पार्टी के पंचा उर्फ पंचमलाल को फुटबाल खिलाड़ी और अपना दल कमेरावादी के प्रमोद आजाद को लिफाफा चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है। इसके अलावा लोग पार्टी के बाबूलाल को बक्सा, कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया के रामचंद्र सरस को बाल और हंसिया, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के श्रीराम सिंह गौर को बांसुरी, स्वतंत्र जनता राज पार्टी के सुरेंद्र कुमार को झूला चुनाव दिया गया है। जबकि एकमात्र निर्दलीय उम्मीदवार रामचरन को क्रेन चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। चुनाव चिह्न आवंटन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब सभी उम्मीदवारों ने अपनी प्रचार सामग्री तैयार कराना शुरू कर दिया है और प्रचार अभियान को तेज कर दिया है।





## सार-संक्षेप

### डीसीएम खंती में पलटा, पांच मवेशियों की मौत

**चिल्ला।** थाना क्षेत्र के तारा गांव के पास सोमवार को मवेशियों से भरा तेज रफ्तार डीसीएम सड़क किनारे अनियंत्रित होकर खंती में जा घुसा। हादसे के बाद आसपास के तमाम ग्रामीण मदद को पहुंच गए। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने थाना पुलिस को दी। खबर पाकर थानाध्यक्ष अनिल कुमार अपने हमराहियों के साथ आ गए। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से डीसीएम के अंदर दबे मवेशियों को बाहर निकाला। हादसे में डीसीएम के अंदर पांच मवेशियों की मौत हो गई। मवेशियों से भरे ट्रक को खाली करवा। थानाध्यक्ष ने घटना की सूचना पशु विभाग को दी। कुछ देर बाद पशु चिकित्सक अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। मृतक मवेशियों का पोस्टमार्टम करने के बाद जेसीबी की मदद से सड़क किनारे गड्ढा खुदवाकर मवेशियों के शवों को दफनाया। मामूली रूप से घायल मवेशियों का चिकित्सकों ने उपचार किया।

### प्रदेश प्रभारी टटोलेंगे कार्यकर्ताओं की नब्ज

**बांदा।** लोकसभा चुनाव में संगठनात्मक स्थिति को परखने और कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने के लिए कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय मंगलवार की दोपहर एक बजे शहर के स्टेशन रोड स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ भेंट वार्ता करेंगे। उनके साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव बुंदेलखंड प्रभारी नीलांशु चतुर्वेदी भी मौजूद रहेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे ने जानकारी देते हुए सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को चर्चा में शामिल होने की अपील की है। कार्यक्रम में गठबंधन के सहयोगी दलों के नेता भी शामिल रहेंगे।

### दो लोगों ने जहर खाया

**बांदा।** बिसंडा थाना क्षेत्र के पिस्टा गांव निवासी साधन (32)पत्नी संतोष ने रविवार की रात घरेलू किसी बात से नाराज हो कर जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी तरह मरका निवासी चंद्रभूषण (50) पुत्र झंडू ने घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### करंट से बालिका समेत दो झुलसे

**बांदा।** शहर के काशीराम कालोनी यशी (11) पुत्री सुनील रविवार की रात कूलर में हाथ छू जाने से करंट की चपेट में आकर झुलस गई। शहर के डीएम कालोनी निवासी राजरानी (42) पत्नी सिकंर सोमवार की सुबह करंट लगने से झुलस गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### बाइक से टकरा कर टेंपो पलटी, छह घायल

**बांदा।** जिला मुख्यालय से सवारी भर कर टेंपो पैलानी की तरफ जा रहा था। तभी पपरेंदा के पास सामने से आ रही बाइक से टकराने के बाद टेंपो आनियंत्रित होकर पलट गया। टेंपो सवार छह लोग चोटहिल हो गए। इसमें खप्टिहा कला निवासी सूरजबली (34) पुत्र रामकुमार, शहर के झीलपुरवा निवासी लल्लूराम (55) पुत्र रामप्रसाद के अलावा बाइक सवार युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

### पशुबाड़ा में आग लगने से छह मवेशी जिंदा जले

**बबेरू।** कोतवाली क्षेत्र के परास गांव निवासी नरोत्तम पुत्र भेला के मवेशी बाड़ा में सोमवार की दोपहर शार्ट शर्किट से आग लग गई। आग की लपटे देख नरोत्तम ने शोर मचाया। शोर गुल सुनकर आस पास के लोग दौड़ पड़े। मामले की जानकारी फायर बिग्रेड को दी गई। फायर बिग्रेड के पहुंचने से पहले समर्सिबल के जरिए आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने में नरोत्तम (47) और रिश्तेदार लवकुश (18) पुत्र संतोष भुराने पुरवा झुलस गए। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। नरोत्तम ने बताया कि इस अग्निकांड में एक भैंस उसका बच्चा और चार बकरिया जिंदा जल कर मर गई। एक बाइक भी जल कर खाक हो गई।

### शोकसभा कर दी श्रद्धांजलि

**बदौसा :** कस्बे के वरिष्ठ मीडिया कर्मी रमाशंकर सैनी के छोटे भाई गुड्डू सैनी की हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही मीडिया जगत में शोक की लहर दौड़ गई। मीडिया कर्मियों ने शोक सभा करते हुए श्रद्धांजलि दी। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए विशेष प्रार्थना की गई। इस मौके पर पत्रकार संतोष कुशवाहा, हरीओम बाजपेयी, अजय यादव, पप्पू गुप्ता, रामरूप कुशवाहा, अहसान अली, अरविंद कुमार आदि उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण समाप्त, प्रशिक्षुओं को बांटे गए प्रमाणपत्र

संवाददाता, बदौसा

**अमृत विचार।** स्वयंसेवी संस्था के तत्वाधान में आयोजित किशोरियों के सात दिवसीय ब्यूटीशियन प्रशिक्षण समापन पर प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। संस्था पदाधिकारियों ने किशोरियों से आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया गया।

क्षेत्र के गजपतिपुर गांव में जागृति फाउंडेशन के तत्वावधान में किशोरियों का सात दिवसीय ब्यूटीशियन प्रशिक्षण सोमवार को खत्म हो गया। समापन पर ग्राम प्रधान शिवशरण यादव ने प्रशिक्षु किशोरियों को प्रमाणपत्र बांटे। ग्राम प्रधान ने कहा कि संस्था ने गांव की किशोरियों को ब्यूटीशियन प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने का सराहनीय काम किया है। संस्था के प्रबंध निदेशक डा.हेमंत यादव ने बताया कि संस्था कई रोजगारपरक निशुल्क प्रशिक्षण देकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रही है। इस दौरान संस्था संस्थापक दुर्गा प्रसाद समेत प्रशिक्षक व मेकअप आर्टिस्ट अर्चना अवस्थी, लक्ष्मी कुमारी सहित तमाम प्रशिक्षु किशोरियां शामिल रहीं।

# छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली

संवाददाता,चिल्ला

**अमृत विचार।** सोमवार को कस्बा स्थित संगम इंटर कालेज प्रधानाचार्य पवन निगम और कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय प्रधानाध्यापिका मीरा देवी की संयुक्त अगुवाई में तमाम शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। सभी ने घर-घर दस्तक देकर लोगों को मतदान का आमंत्रण दिया। कहा कि लोकसभा के चुनाव हों या फिर विधानसभा, यह पांच साल के बाद आते हैं इसलिए चुनावों में वोट डालना बहुत जरूरी होता है। इसलिए 20 मई को होने वाले मतदान में प्रत्येक मतदाता उस अधिकार का प्रयोग करें जो कि समाज, राज्य और देश की भलाई के लिए बहुत जरूरी है। जितना ज्यादा मतदान होगा, हमारा लोकतंत्र भी उतना ही ज्यादा मजबूत होगा। देश में वोट की महत्ता बहुत ज्यादा है। किसी के पीछे लगकर नहीं अपनी सूझबूझ से अच्छे प्रत्याशी को वोट करना चाहिए। इस मौके पर ग्रामीणों को अधिक से अधिक मतदान की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर रामसुफल, अर्चना देवी, इंद्रजीत, गीता देवी, रामभरोसे मिश्रा, जावेद अहमद, कमलेश, कुसुम शुक्ला, धीरेंद्र कुमार गुप्ता आदि रहे



जागरुकता रैली निकालते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# सयुस के पदाधिकारी नियुक्त किए गए

**बांदाः** लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कराने को सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रदेशाध्यक्ष नरेश उत्तम और युवजन सभा प्रदेशाध्यक्ष की संस्तुति पर जिलाध्यक्ष ने अतर्रा नगर महासचिव समेत तीन जिला सचिव की नियुक्ति कर दी। युवजन सभा जिलाध्यक्ष आमिर खां मन्नी ने इंद्रजीत यादव (कमासिन), विनय साहू व रोहित गुप्ता (अतर्रा) को जिला सचिव और प्रिंस खंगार को अतर्रा नगर महासचिव नियुक्त किए गए। जिलाध्यक्ष ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को सपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क अभियान तेज कराने के निर्देश दिए।

लोकसभा चुनाव | प्रेक्षकों ने सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ की बैठक, मतदान कार्मिकों के लिए पोस्टल बैलेट से वोट देने की व्यवस्था करने को कहा

# 'आदर्श आचार संहिता का प्राथमिकता से कराएं अनुपालन'

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए सकुशल चुनाव संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में प्रेक्षकों ने सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराने एवं मतदान कार्मिकों को बेहतर प्रशिक्षण दिलाए जाने के सख्त निर्देश दिए।



बैठक को संबोधित करतीं प्रेक्षक। अमृत विचार

सामान्य प्रेक्षक वी.कलाईराशि की अध्यक्षता व पुलिस प्रेक्षक जॉय विश्वास एवं व्यय प्रेक्षक सब्यसांची चक्रवर्ती की मौजूदगी में सर्किट हाउस के सभागार में सोमवार को अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। इसमें सामान्य प्रेक्षक ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के संबंध में आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराए जाने तथा मतदान कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया व कार्यों के बारे में गहनता से प्रशिक्षण दिलाए जाने और मतदान कार्मिकों को भी मतदान करने के लिए प्रशिक्षण के समय पोस्टल बैलेट के लिए फैसिलिटेशन सेंटर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। पुलिस प्रेक्षक जॉय विश्वास चुनाव के सम्बन्ध में पुलिस की कार्रवाई, चेकिंग और बॉर्डर प्वाइंटों पर नियमित रूप से दिन-रात चेकिंग कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य सम्बन्धी बचाव के लिए आवश्यक वस्तुओं का उपयोग करते हुए निर्वाचन कार्यों को कुशलता एवं शांतिपूर्ण, निष्पक्ष संपादित कराने के निर्देश दिये।

उन्होंने मतदान पार्टी रवानगी, मतदान दिवस व मतदान पार्टी की वापसी के समय बेहतर ट्रैफिक की समुचित व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए। इसी क्रम में व्यय प्रेक्षक सब्यसांची चक्रवर्ती ने प्रत्याशियों के चुनाव से संबंधित किए जाने वाले व्यय का लेखा-जोखा विधिवत तैयार करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रेक्षकों को निर्वाचन कार्यो की तैयारी के संबंध में प्रेजेंटेशन के द्वारा जानकारी दी गयी, जिसमें मतदान केद्रों का विवरण, कार्मिकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था, निर्वाचन से संबंधित प्राप्त शिकायतों के निस्तारण व आदर्श आचार संहिता के अनुपालन कराए जाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने मतदान केद्रों में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही, जिला सुरक्षा प्लान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकूट, प्रभारी अधिकारी कार्मिक मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट सहित निर्वाचन कार्यों से जुड़े नोडल अधिकारीध्सहायक नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।



- बॉर्डर प्वाइंट पर नियमित रूप से दिन-रात चेकिंग कराए जाने के दिए निर्देश

### चुनावी व्यय निरीक्षण के लिए तिथियां घोषित

जिलाधिकारी/रिटर्निंग आफीसर दुर्गाशक्ति नागपाल ने बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र के सभी प्रत्याशियों को अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के सार संग्रह अनुलग्नक ग-15 के अनुपालन में व्यय प्रेक्षक की सहमति प्राप्त करने के उपरांत व्यय लेख का निर्धारित तिथि के अनुसार निरीक्षण किया जाएगा। व्यय प्रेक्षक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में प्रथम निरीक्षण 9 मई को सुबह 10 बजे से सायं पांच बजे तक, द्वितीय निरीक्षण 14 मई को तथा तृतीय निरीक्षण 18 मई को निर्धारित समय के अनुसार किया जाएगा। उन्होंने सभी प्रत्याशियों से अपील की है कि वह निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित होकर अपना व्यय लेखा प्रस्तुत करें, जिसमें दैनिक व्यय, लेखा पंजिका, बैंक पंजिका, बिल बाउचर एवं बैंक स्टेटमेंट की छाया प्रतियां तीन प्रतियों में प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।



# कुलपहाड़ में स्टेट बैंक के एटीएम से रुपये चुराने की हुई कोशिश

## मुख्यालय से आई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शटर खोलकर एक को किया गिरफ्तार

संवाददाता, कुलपहाड़-महोबा

- हैदराबाद स्थित मुख्यालय की सजगता के चलते टल गई घटना
- आसपास के सीसीटीवी के फुटेज भी खंगाल रही पुलिस


चोरी के प्रयास से बिखरा पड़ा एटीएम का सामान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम के शटर का कुंदा तोड़कर अंदर लगे एटीएम का बदमाशों ने लॉक तोड़कर रुपये चोरी करने का प्रयास करते रहे, लेकिन हैदराबाद हेड आफिस की सजगता से चोरी की घटना को अंजाम नहीं दे सके और एटीएम में पड़े लाखों रुपये बच गया। इसी बीच बैंक के कैशियर ने मुख्यालय की सूचना पर कोतवाली कुलपहाड़ को सूचना एटीमदी। पहुंची पुलिस ने एटीएम के अंदर घुसे एक चोर को मौके पर ही दबोच लिया और उससे पूछताछ की जा रही है।

नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग सुगिरा रोड पर बस स्टैंड से चंद कदम की दूरी पर एक किराए की दुकान में संचालित एसबीआई बैंक के एटीएम पर बीती देर रात को चोर ने शटर का कुन्दा तोड़कर अंदर प्रवेश कर गया और शटर बंद कर लिया। वह एटीएम का लॉक तोड़कर रुपये निकालने का प्रयास करने लगा। काफी देर तक रुपये चुराने की जुगत लगा रहे चोर को अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। हैदराबाद के हेड आफिस द्वारा फुटेज देखकर उन्होंने तुरंत स्थानीय बैंक के कैशियर संदीप को फोन पर जानकारी देते हुए तत्काल पुलिस को सूचना देने के लिए कहा। बैंक के कैशियर द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर एटीएम की घेराबंदी कर शटर को उठाकर देखा, तो एक व्यक्ति अंदर घुसा हुआ था। उसे पुलिस ने उसे पकड़ लिया, और हिरासत में लेकर थाने पहुंची। जहां पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

हैदराबाद हेड आफिस की सजगता व पुलिस की तत्परता के कारण बड़ी घटना होने से बच गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर पुलिस की रात्रि गश्ती होती तो ऐसी घटना नहीं हो सकती। लोगों का कहना है कि एक व्यक्ति इतनी बड़ी घटना को अंजाम नहीं दे सकता। अगर पुलिस सख्ती से पूछताछ करेगी तो और भी नाम उजागर हो सकते हैं। पुलिस एटीएम कैमरे के अलावा आसपास के सीसीटीवी कैमरे को खंगालने के प्रयास में जुटी हुई है। प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्र का कहना है कि मौके पर एक व्यक्ति को पकड़ा गया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। तहरीर प्राप्त होते ही उक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं शाखा प्रबंधक सचिन से जब वार्ता की गई तो उन्होंने कहा कि उच्चाधिकारियों के आदेश मिलते ही तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा।

## पुलिस ने महिला सुरक्षा की अलख जगाने को लगाई चौपाल

**महोबा।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा के थानों में नियुक्त एंटीरोमियो, शक्ति दीदी टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के ग्रामों में भ्रमण कर जन चौपाल का आयोजन किया गया। महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत सोमवार को शक्ति दीदी महिला बीट तथा महिला हेल्प डेस्क के माध्यम से जनपद के थानों पर आउटरीच प्रोग्राम चलाकर अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत आबादी क्षेत्र, बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, मेलों एवं गांव में पहुंचकर बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया।

इस दौरान महिलाओ और बालिकाओं को मिशन शक्ति नारी सुरक्षा,नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन अभियान के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और हेल्प लाइन नम्बर की जानकारी दी गई।

# सीएचसी परिसर जाम, फंसी एंबुलेंस

संवाददाता, बेलाताल महोबा


सीएचसी जैतपुर परिसर में वाहन के बीच फंसी एम्बुलेंस। अमृत विचार

- पार्किंग है, फिर भी परिसर में मनमाने तरीके से खड़ा कर रहे वाहन

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर परिसर में पार्किंग होने के बाद भी अस्पताल परिसर में आड़े तिरछे वाहन खड़े करने से उपचार के लिए आने वाले मरीजों और तमीरदारों भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अस्पताल परिसर पर बेतरतीब खड़ी बाइकें व अन्य वाहन के चलते सोमवार को सीएचसी से एक मरीज को रेफर किया गया और उसे एम्बुलेंस से ले जाने लगे, लेकिन आड़े तिरछे वाहन खड़े होने के चलते करीब एक घंटे बाद बाइकों को अलग करवाकर मरीज को एम्बुलेंस से ले जाया जा सका। स्वास्थ्य विभाग द्वारा वाहनों के आड़े तिरछे खड़े किए पर अंकुश न लगाए जाने से लोगों में खासा आक्रोश व्याप्त है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर के मुख्य गेट के सामने दर्जनों वाहन खड़े रहते हैं, जिसके चलते इमरजेंसी सहित अन्य वार्डो में आने जाने वाले मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में आने वाले रोगियों के लिए रास्ते में खड़ी मोटरसाइकिलें व अन्य वाहन मुसीबत बने हुए हैं। अस्पताल के मुख्य गेट के सामने वाहन चालकों के लिए अपने वाहनों को खड़ा करना आम बात को गई है। बावजूद इसके विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसका खामियाजा उपचार कराने वाले मरीजों और तीमारदारों को भुगतना पड़ रहा है। सोमवार को डाक्टर द्वारा एक मरीज को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया और उसे एम्बुलेंस से ले जाने लगे, लेकिन बेतरतीब वाहन खड़े होने के चक्कर में तमीरदार काफी परेशान रहे और अस्पताल के कर्मचारी मनोज रावत की मदद से बाइक स्वामियों को बुला-बुला कर मरीज लेकर जाने वाली एंबुलेंस को निकाला गया।

तीमारदारों का कहना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है, लेकिन वाहन चालक पार्किंग पर वाहन खड़ा न करके परिसर और मुख्य गेट के आसपास गाड़ियां खड़ी कर चले जाते है, जिससे पार्किंग पूरी तरह खाली रहती है। लोगों का कहना है कि कई बार इस बावत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन आज तक इस समस्या का समाधान नहीं किया गया। इस संबन्ध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर के चिकित्साधीक्षक डा0 आशीष तिवारी से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि वैसे तो अस्पताल के सामने वाहन नहीं खड़े होने दिए जाते फिर भी कोई वाहन अस्पताल के गेट पर खड़ा कर देता है तो उसे हटवा दिया जाता है। अस्पताल में वाहन को लेकर आने वाले लोगों को पार्किंग का इस्तेमाल करना चाहिए।

# व्यापारियों ने बढ़ाए गेहूं के भाव

संवाददाता जैतपुर महोबा


गेहूं क्रय केंद्र पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे की गल्ला मंडी में व्यापारियों द्वारा गेहूं की कीमत बढ़ा देने से मण्डी में किसानों की भारी भीड़ जुटने लगी है। अब किसान गेहूं क्रय केंद्रो की बजाय मंडी की तरफ रुख कर रहा है, जिससे गेहूं क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। केंद्र प्रभारी किसानों की आने की उम्मीद में सारा दिन हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं।

कस्बा जैतपुर की गल्ला मंडी में व्यापारियों ने गेहूं के दाम में वृद्धि कर दी है अब किसानों को क्रय केंद्रों की अपेक्षा गल्ला मंडी में गेहूं की अधिक कीमत मिल रही हैं, जिससे किसानों ने क्रय केंद्रों से किनारा कर लिया है और खुलेआम व्यापारियों को गेहूं बेच रहा है। शासन द्वारा किसानों से गेहूं की खरीद की रोक के बाद भी व्यापारियों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। वह कीमत बढ़ाकर अब किसानों का गेहूं खुलेआम खरीद रहे हैं। बाजार में गेहूं की आमद कम हो जाने पर व्यापारियों ने 2300 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2400 रुपये प्रति क्विंटल रेट कर दिए हैं। जिससे किसान व्यापारियों को ही अपना माल बेच रहे हैं।

किसानों का कहना है कि गेहूं क्रय केंद्रों पर एक तरफ जहां भाव भी कम है, दूसरी तरफ बिक्री के बाद नगद राशि भी नहीं मिलती है, इसके अलावा बिक्री करने पर कागजों की खानापूर्ति भी करना पड़ती है। इन सारे झमेलों से बचने और अधिक रेट मिलने के कारण अब किसान गल्ला मंडी में ही गेहूं बेच रहा है। जहां पर उसे तौल होने के बाद तत्काल भुगतान कर दिया जाता है। यही वजह है कि किसानों के ट्रैक्टर और बैलगाड़ियां मंडी में दिन दिन भर खड़ी रहती है। गेहूं बिकने के बाद किसान नगद पैसा लेकर बाजार में खरीददारी करता और शाम को अपने घर पहुंचता है। जबकि गेहूं क्रय केंद्रों पर सन्नाटा छाया हुआ है।

## लाभांश न मिलने पर कोटेदार नहीं बांटेगे चालू माह में खाद्यान्न

**जैतपुर महोबा।** विकासखंड जैतपुर क्षेत्र के कोटेदारों द्वारा चार माह तक राशन वितरण करने के बाद मात्र एक माह का लाभांश दिए जाने से नाराज कोटेदारों ने धरना प्रदर्शन कर मई माह राशन वितरण न किए जाने की चेतावनी दी है।

विकासखंड पनवाड़ी और जैतपुर के आधा सैकड़ा से ज्यादा कोटेदारों का राशन वितरण करने वाला लाभांश तीन माह से नहीं मिला है। कोटेदारों द्वारा कई बार लिखा पढ़ी करने के बाद कोई ध्यान न दिए जाने से कोटेदारों में आक्रोश पनप रहा है। कोटेदारों ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के अंदर शेष तीन माह का बकाया पड़ा लाभांश का वितरण नहीं किया गया तो कोटेदार माह मई में खाद्यान्न सामग्री का वितरण नहीं करेंगे। कोटेदारों की चेतावनी पर अधिकारियों ने लाभांश दिलाए जाने का भरोसा दिया है।

# कच्छप गति से सड़क निर्माण, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, महोबा


सीसी सड़क निर्माण की हालत। अमृत विचार

- उड़ती धूल पर पानी का छिड़काव कराने की मांग

**अमृत विचार।** कस्बा पनवाड़ी में हरपालपुर और महोबा की डामरीकरण सड़क को सीसी रोड में तब्दील किया जा रहा है। कछुआ गति से चल रहा सड़क निर्माण कार्य से जाम की समस्या हो रही है। वहीं आसपास के दुकानदार उड़ती धूल मिट्टी से परेशान हैं। सड़क निर्माण के चलते हो रही दिक्कतों से दुकानों की बिक्री पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। कस्बा वासियों और दुकानदारों ने संबन्धित अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर ठेकेदार को तेज गति से कार्य कराए जाने की मांग की है।

गौरतलब है कि कस्बा पनवाड़ी में कई वर्षो से सड़कों का निर्माण न होने से रोड गड्ढों में तब्दील हो गई थी, जिससे वाहन चालकों को सावधानीपूर्वक इस सड़क से गुजरना पड़ता था, जिससे कोई दुर्घटना न हो सके। कस्बे के समाजसेवियों और दुकानदारों द्वारा कई बार तहरीर देकर सड़क निर्माण कराए जाने क मांग की थी, जिस पर शासन प्रशासन द्वारा डामरयुक्त सड़कों को हटाकर उसके ऊपर सीसी रोड डलवाई जा रही है। ठेकेदार द्वारा पनवाड़ी चौराहे से हड़पालपुर और पनवाड़ी महोबा जाने वाली सड़क को सीसी कार्य पिछले कई माह पहले शुरू करा गया था, लेकिन आज तक सड़क के एक तरफ ही कुछ मीटर ही कार्य हो सका है, जिससे इस चौराहे पर आएदिन जाम लग जाता है, जिससे वाहन चालकों के साथ साथ राहगीरों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। कस्बा वासियों का कहना है कि पनवाड़ी में आसपास के एक दर्जन से ज्यादा ग्रामों के ग्रामीणों का प्रतिदिन आना जाना होता है और इसी रोड पर मुख्य बाजार पड़ने के कारण लोगों को जाम की वजह से काफी परेशान होना पड़ता है। बताया कि ठेकेदार द्वारा सीसी निर्माण कार्य में तेजी न लाने के कारण आएदिन लोग जाम के झाम में फंस जाते हैं। दुकानदारों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा सीसी रोड में पानी नहीं डाला जा रहा है, जिससे हवा चलते ही धूल दुकानों उड़कर आ जाती है। बताया कि बेचने के लिए रखे समोसे भजिया, जलेबी, चाय आदि खानपान की वस्तुओं को ढकने के बावजूद धूल बैठ जाती है, जिससे कुछ ग्राहक इन वस्तुओं को खरीदने से इंकार कर देते है, जिससे दुकानदारी पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। कस्बा वासियों और दुकानदारों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए प्रार्थना पत्र देकर सीसी रोड निर्माण में तेजी लाने के साथ साथ उड़ रही धूल पर प्रतिदिन पानी डाले जाने की मांग की है।

## अन्नदाता किसान सम्मेलन में मंत्री ने गिनाईं उपलब्धियां

**महोबा।** अन्नदाता किसान सम्मेलन का आयोजन सोमवार को टूरिस्ट बंगला में किया गया, जहां पर हमीरपुर व महोबा के किसानों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में राज्यमंत्री ने सरकार की उपलब्दियों को गिनाया।

किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर जल हर घर नल योजना के तहत लोगों की प्यास बुझाने के लिए सरकार ने निःशुल्क कनेक्शन दिए हैं, जिससे आज लोगों को घर बैठे पानी मिल रहा है। छोटे-छोटे तालाबों, नदियों, नहरों और बांधों में पानी की भी व्यवस्था की जा रही है, जिससे बाढ़ आने पर बांध का पानी सूखी नदियों, तालाबों में पहुंचाया जाएगा।

राज्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता को प्रधानमंत्री सम्मान निधि दी जा रही है। ओलावृष्टि होने के बाद किसानों को मुआवजा दिया जा रहा है। सरकार के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीमों ने गांव गांव जाकर बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसल का आंकलन कराकर उनके खातों में मुआवजा राशि भेजी जा रही है। सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने कहा कि सदन में बुंदेलखंड की समस्याओं को जोरदार तरीके से रखा गया है।

# स्कूली बच्चों को आश्रम की सैर कराकर बढ़ाया ज्ञान

कार्यालय संवाददाता, महोबा


आश्रम में सब्जी- पूड़ी का आनंद लेते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शिरडी सांई बाबा स्कूल निसवारा के शिक्षकों के साथ छात्र-छात्राओं ने मुनि विश्वामित्र आश्रम की सैर की, जिससे बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ के बौद्धिक और मानसिक विकास में सहायता मिल सके। इस मौके पर शिक्षकों द्वारा आश्रम में लगे तमाम पेड़ पौधों, फूल और जड़ी बूटियों की जानकारी दी गई साथ ही बच्चों की टीमें बनाकर खेलकूद खिलाया गया। बच्चों में सैर के प्रति खासा उत्साह नजर आया।

विकासखंड पनवाड़ी के निसवारा ग्राम में स्थित शिरडी सांई बाबा स्कूल के छात्र छात्राओं को एक दिन के लिए पढ़ाई से विराम देते हुए उनके बौद्धिक और मानसिक विकास बढ़ाए जाने के लिए स्पोर्ट शिक्षक प्रदीप सिंह के नेतृत्व में मुनि विश्वामित्र आश्रम की सैर कराई गई। विद्यार्थियों के साथ स्कूल के तमाम शिक्षक भी मौजूद रहे, जिनकी देखरेख में छात्र छात्राओं ने सारा दिन आश्रम की सैर करते हुए मस्ती की। शिक्षकों द्वारा आश्रम में लगे पेड़ पौधों से बच्चों को रुबरू कराते हुए वनस्पति ज्ञान को बढ़ाया गया साथ ही तमाम प्रकार के फूल और जड़ी बुटियों को दिखाकर उसके बारे में बताया गया। खेल शिक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि लगातार एक सप्ताह की पढ़ाई करने के बाद विद्यालय प्रबंधन द्वारा निशुल्क छात्र छात्राओं को एतिहासिक, धार्मिक और सैर सपाटे वाली जगहों पर घूमाया जाता है और उन स्थानों की जानकारी भी प्रदान की जाती है, जिससे वह अपने आसपास के स्थलों में जानकारी हासिल कर सके। बताया कि प्रत्येक गुरुवार को स्कूली बच्चे शिक्षकों के साथ सांई मंदिर में जाते हैं और संगीतमय भजन कीर्तन का आनंद लेते हैं। पिकनिक के मौके पर बच्चों को पूड़ी सब्जी हलवा आदि बनाकर खिलाया गया, जिसे खाकर बच्चे खासे खुश नजर आए।



कार्यक्रम में बोलती प्रधानाचार्य सरगम खरे। अमृत विचार

# बाल विवाह से बच्चों के अधिकारों का होता हनन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- जीजीआईसी में बाल विवाह जागरुकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**अमृत विचार।** शहर के राजकीय बालिका इंटर कालेज में सोमवार को बाल विवाह जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने बाल विवाह पर अंकुश लगाने और बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बाल श्रम से मुक्त कराकर शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के संबंध में छात्राओं को जागरुक किया गया।

आगामी 10 मई को अक्षय तृतीय को दृष्टिगत रखते हुए बाल विवाह रोकथाम के लिए अधोहस्ताक्षरी जिला प्रोवेशन अधिकारी एवं जिला बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी के निर्देश पर राजकीय बालिका इंटर कालेज महोबा में बाल विवाह जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य सरगम खरे ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के अधिकारों पर अतिक्रमण करता है, जिससे उन पर हिंसा, शोषण तथा यौन शोषण का खतरा बना रहता है। बाल विवाह लड़कियों और लड़कों दोनों पर असर डालता है, लेकिन इसका प्रभाव लड़कियों पर अधिक पड़ता है। उन्होंने कहा कि किसी लड़की या लड़के की शादी 18 साल की उम्र से पहले होना बाल विवाह कहलाता है। बाल विवाह बचपन खत्म कर देता है। बाल विवाह बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और संरक्षण पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। बाल विवाह का सीधा असर न केवल लड़कियों पर, बल्कि उनके परिवार और समुदाय पर भी होता हैं।

बाल कल्याण सतिति की सदस्य मधुबाला चौरसिया ने कहा कि उन्होंने कहा कि जो बच्चे दुकानों, होटलों में काम करते हैं, भीख मांगने और कचरा चुनने का काम करने सहित कहीं भी असुरक्षित रह रहे हैं। उन्हें इन सब कार्यों से विमुक्त करते हुए स्कूली शिक्षा से जोड़ना का प्रयास हम सभी को मिलकर करना चाहिए।

साथ ही इन बच्चों के अभिभावक से मिल कर सभी सरकारी योजनाओ की जानकारी देना चाहिए। कहा कि जो देखभाल और संरक्षण के श्रेणी में हैं। वर्तमान में सरकार की जितनी योजनाएं संचालित हैं। लोग अपनी मानसिकता को बदलकर इसका फायदा लें और बच्चों को स्कूल जरूर भेजें।

क्या जरूरी है... उलेमाओं ने हज यात्रियों को बताए अरकान करने के तरीके

# प्रशिक्षकों ने 31 हज यात्रियों को समझाईं छोटी-छोटी बातें

कार्यालय संवाददाता, महोबा



हज के बावत जानकारी देते मौलाना


टीकाकरण के लिए पंजीयन कराते हज यात्री। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हज यात्रा पर जाने वाले हाजियों को सोमवार को शहर के शार्कइन हाल में टीकाकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ, जहां पर प्रशिक्षकों द्वारा हज के अरकान बनाए गए। वहीं मौलानाओं ने हज करने के बाद विस्तृत जानकारी दी। जिले से 31 हज यात्री मक्का मदीना के लिए रवाना होंगे। प्रशिक्षण देने के लिए सुबह से ही हज यात्री प्रशिक्षण स्थल पर पहुंच गए, जहां पर प्रशिक्षकों के अलावा उलेमाओं ने भी हज यात्रियों को हज करने के अरकान बताते हुए उन्हें तरतीब के साथ करने की सलाह दी।

इस मौके पर आमिल मौलाना जमालुद्दीन ने कहा कि आर्थिक और शारीरिक रुप से सक्षम इंसान पर हज फर्ज है। कहा कि हज जिंदगी में एक बार फर्ज है। हज में जाने वाले आजमीन को दीनी मसायल को जानना जरुरी है। हज के अरकान के बारे में और यह भी जानना जरुरी है कि हाजी को अहराम की हालत में सिले हुए कपड़े पहनना मना है। कहा कि हज करने वाला गुनाहो से ऐसे पाक हो जाता है जैसे मां के पेट से अभी पैदा हुआ बच्चा हो। आमिल मौलाना गयासुद्दीन ने बताया कि हज में जाने वाले आजमीन को सरकारी गाइड लाइन का जानना जरुरी है। आप अपने साथ गुटखा, तंबाकू आदि जो प्रतिबंध है उसे अपने साथ नहीं ले जा सकते और आपका स्वस्थ होना जरुरी है। वहां पर काफी चलना पड़ता है, इसलिए चलने की आदत डालना चाहिए। कहा कि वहां पर आपको अपने भारत की निशानी रखनी होती है, जिससे आपको पहचानने में आसानी हो सकती है। काबा शरीफ का तवाफ करना और अराफात में ठहना फर्ज है। मैदान-ए-मिना और मुजदलफा में ठहरना, सफा मरवा पहाड़ी का चक्कर लगाना, शैतान को कंकड़ मारना, आब-ए-जमजम का पानी पीना हज के लिए जरुरी है। इस मौके पर प्रशिक्षकों और हाजियों ने हज में जाने वाले लोगों को प्रशिक्षण दिया। दारुल उलूम निसवां के प्रबंधक हाफिज फारुख अंसारी, प्रधानाचार्य अली वारिस, दारुल उलूम समदिया के प्रधानाचार्य नौशाद रजा आदि रहे।

### टीकाकरण किया गया

हज यात्रियों को हज यात्रा पर जाने से पहले शार्कइन हाल में स्वास्थ्य विभाग टीम ने हज यात्रियों का परीक्षण किया। इसके बाद उनका टीकाकरण किया गया। इसके बाद उन्हें दवा भी पिलाई गई, इसके लिए चिकित्सकों के अलावा महिला और पुलिस कर्मचारियों को लगाया गया। डा0 आहद के निर्देशन पर टीकाकरण अभियान चलाया गया। इससे पूर्व एक के बाद सभी हज यात्रियों का पंजीयन कराया गया।

# दुष्कर्म के मामले में दोषी को 10 साल का कठोर कारावास

## खेत में चारा काट रही महिला के साथ पड़ोसी ने किया था दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** थाना मुस्करा के एक गांव में करीब तीन साल पूर्व खेत में चारा लेने गई महिला को कुल्हाड़ी दिखा धमकाकर दुष्कर्म करने के मामले में सोमवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी-प्रथम) मनोज कुमार शासन की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने अभियुक्त को 10 साल के कठोर कारावास व 30 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

एडीजीसी महेशचंद्र द्विवेदी व रामबाबू अवस्थी ने बताया कि थाना मुस्करा के एक गांव में नौ नवंबर 2021 को शाम चार बजे महिला खेत में चारा काटने गई थी। तभी पहले से खेत में कुल्हाड़ी लेकर मौजूद अभियुक्त ज्ञान सिंह यादव ने उसे दबोच लिया और दुष्कर्म किया। बताया वह पहले भी एक बार रास्ते में छेड़खानी कर चुका है। यह व्यक्ति क्रिमनल एवं गुंडा है। इस मामले में पीड़िता ने थाने में 10 नवंबर 2021 को दुष्कर्म करने का प्रार्थना पत्र दिया, जिसमें उसने सारी घटना का विस्तार पूर्वक जिक्र किया है। सोमवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी-प्रथम) मनोज कुमार शासन की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। अदालत ने अभियुक्त ज्ञान सिंह यादव को 10 साल के कठोर कारावास व 30 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं अदालत ने दोषसिद्ध होने के उपरांत जेल में बिताई गई सजा को समायोजित करने करने का आदेश दिया है। साथ ही जुर्माने की रकम से 10 हजार पीड़िता को देने का आदेश पारित किया है।

## चाकू की नोक पर नाबालिग से दुष्कर्म

**मौदहा।** दबंग युवक ने मां बाप को जान से मारने की धमकी देकर चाकू की नोक पर किशोरी से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस मामले की जांच करने की बात कह रही है।

कस्बा निवासी एक पीड़ित पिता एक किसान के नलकूप में परिवार सहित रहता है। कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि नरायच निवासी आरोपी ने पहले उसकी नाबालिग बेटी को जबरदस्ती चाकू दिखाकर धमकी देकर मोबाइल फोन दिया और बात करने का दबाव बनाया फिर 23 अप्रैल को रात में नलकूप पर आकर उन लोगों को जान से मारने की धमकी दे बेटी के साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित पिता ने नाबालिग का मेडिकल परीक्षण कराकर मामला दर्ज करने की गुहार लगाई है। कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि तहरीर आई है मामले की जांच की जा रही है जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## ब्यूटी पार्लर गई किशोरी हुई लापता

**हमीरपुर।** जरिया थाना क्षेत्र के सरीला कस्बे के एक इलाके में ब्यूटी पार्लर के लिए घर से निकली किशोरी अचानक लापता हो गई। पीड़ित मां ने एक गांव निवासी युवक पर पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगा मामला दर्ज कराया है। महिला ने थाने में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री घर से ब्यूटी पार्लर जाने की बात कहकर निकली थी। जब वह काफी देर तक वापस घर नहीं लौटी तो उन्होंने सभी संभावित स्थानों पर खोजबीन की, लेकिन कहीं भी पता नहीं चल सका। बताया पुत्री को थानाक्षेत्र के एक गांव का निवासी युवक बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है।

# दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, कोहराम

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** तेज रफ्तार दो बाइकों की हुई सीधी टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

सोमवार सुबह हमीरपुर बिवांर मार्ग पर महेरा मोड़ के निकट दो बाइकों की सीधी टक्कर हो गई। हादसे में खड़ेहीलोधन निवासी मधुरम (24) पुत्र राम औतार और उसकी बहन अनामिका (20) थे। दूसरी बाइक में खरेहटा राठ निवासी सुरेंद्र (30) पुत्र धर्मदास गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को सीएचसी छानी पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने सुरेंद्र को मृत घोषित कर दिया।

**बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल : सुमेरपुर।** नेशनल हाईवे 34 में दोपहर को सौंखर मोड़ के पास बाइक सवार युवक ने साइकिल सवार मुनीम को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मुनीम के साथ बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सोमवार को दोपहर करीब 1.30 बजे नवीन गल्ला मंडी की आढ़त का मुनीम गोपनाथ साइकिल से सौंखर की ओर जा रहा था। वहीं कस्बे की तरफ से बाइक सवार युवक धीरेंद्र पुत्र शिवपाल निवासी गंगपुर थाना चांदपुर फतेहपुर ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से गंभीर रूप से घायल को राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से पीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर किया गया।

## घायल युवक ने तोड़ा दम

**राठ।** कोतवाली के नौहाई गांव निवासी रामप्रकाश राजपूत ने बताया कि उनका 45 वर्षीय पुत्र विक्रम सिंह राजपूत रविवार रात बाइक से शादी समारोह में शामिल होने कस्बे में जा रहा था, तभी गल्ला मंडी के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। उसे सीएचसी ले जाया गया जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। उरई से झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। इलाज के दौरान सोमवार की सुबह विक्रम सिंह ने दम तोड़ दिया।

## सार-संक्षेप



कस्बे में चल रहा अमान्य विद्यालय। अमृत विचार

### बिना स्वीकृत के चल रहे स्कूल को तीन दिन में बंद करने का आदेश

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर क्षेत्र के हैदरगंज मोहल्ले में मानक विहीन स्कूल की जांच पड़ताल करने के लिये खंड शिक्षाधिकारी राम गोपाल पहुंचे। निरीक्षण के बाद उन्होंने विद्यालय को अमान्य घोषित कर दिया और स्कूल संचालक को नोटिस जारी कर हरहाल में तीन दिन के अंदर स्कूल बंद करने के निर्देश दिए हैं। हर साल नए शिक्षा सत्र के साथ ही कुछ नए अमान्य स्कूल सामने आ जाते हैं। ऐसे ही एक स्कूल को खंड शिक्षा अधिकारी ने जांच के बाद बंद करने का आदेश जारी किया है। कस्बे के मोहल्ला हैदरगंज भुईयांरानी के निकट लंबे समय से एक रिहायशी मकान में नेशनल क्रिएटिव एकेडमी के नाम से विद्यालय संचालित हो रहा है, जिसमें न तो बच्चों के बैठने की उचित व्यवस्था है और न ही शौचालय आदि की। सूचना पर खंड शिक्षा अधिकारी ने जांच कर तीन दिन के भीतर विद्यालय बंद करने का नोटिस जारी किया है।

### रंजिश के चलते युवक को पीटकर किया घायल

**राठ।** कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ला निवासी दीपक पुत्र प्रमोद कुमार ने बताया कि वह बाराखंबा चौराहा पर बैठा हुआ था। उसी दौरान कस्बे का रहने वाला करन उसके पास आया और गाली गलौज करने लगा। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो आरोपी ने उसे पीटना शुरू कर दिया जिससे युवक का सिर फट गया।

### अतरैया चोरी कांड की जांच सीओ सदर को सौंपी गई

**सुमेरपुर।** पिछले माह 13 अप्रैल की रात ग्राम अतरैया में पीडब्ल्यूडी एवं मनरेगा योजना के जेई के पैतृक आवास में हुई लाखों रुपये की चोरी में चोरों के द्वारा गांव के एक व्यक्ति पर चोरी की घटना कबूल करने का दबाव बनाने के प्रकरण की जांच पुलिस अधीक्षक ने सीओ सदर को सौंपी है। पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता पुष्पेंद्र कुमार के अतरैया स्थित आवास से चोरों ने बहन एवं मां के करीब 20 लाख के जेवरात चोरी कर लिए थे। गत 30 अप्रैल को जेवरात का एक डिब्बा कल्लू पुत्र मुरलिया के घर पर फेंका गया था। यह मकान दस्सी के मकान के बगल में है। पुलिस ने सूचना पर बिंदा पुत्र दस्सी तथा दस्सी पुत्र भूरियों के साथ गांव निवासी छोटे पुत्र सिद्धा को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी और शाम को सभी को रिहा भी कर दिया था। छोटे का आरोप है कि गांव पहुंचने पर दस्सी एवं बिंदा ने उसे घर के भीतर ले गए और गला दबाकर जमकर मारपीट करते हुए चोरी का जुर्म अपने सिर पर लेने का दबाव बनाया। सोमवार को छोटे ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपकर दावा किया है कि चोरी की घटना में बिंदा और दस्सी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच सीओ सदर राजेश कमल को सौंपी है।

### पिता की पुण्यतिथि पर शिक्षकों को किया सम्मानित



बच्चों को सम्मानित करते रणजीत व मनोज।

**राठ।** कस्बे के चरखारी रोड स्थित एक विद्यालय में एक शिक्षक ने अपनी पिता की पुण्य तिथि पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री पूर्व विधायक धूराम चैधरी ने गरीब एवं मेधावी बच्चों को लेखन सामग्री देकर पुरस्कृत किया। एक सादे समारोह के दौरान शिक्षक रणजीत सिंह ने अपने पिता की पुण्यतिथि पर शिक्षक रमेश चंद, रामजीवन, नीलम, सर्वेश, श्रीराम राजपूत व पीयूष पुष्कर को सम्मानित किया। इस दौरान शैलेंद्र सिंह ने सूचना ब्रह्मानंद विराट मेला महोत्सव से संबंधित विचार रखे गए। इस मौके पर पूर्व शिक्षक रामसहोदर गुबरेले, शंकर लाल सक्सेना, कुंवर बहादुर, विश्वजीत सिंह, आसाराम, झानेंद्र सिंह, मनोज लाक्षाकार, घासीराम, संगीता, सुलोचना, वंदना, गीता देवी आदि लोग रहे।

### महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सिजवाही में पति के उत्पीड़न से तंग आकर एक विवाहिता ने सल्फास की गोली खाकर जान दे दी। सिजवाही गांव निवासी शोभना (27) का पति मुन्नी सिंह शराब पीने का आदी है। जिसके चलते पति आए दिन शोभना के साथ गाली गलौज व मारपीट करता था। रविवार को भी पति पत्नी के बीच झगड़ा हुआ। जिसके चलते शोभना ने रात घर में रखी सल्फास की गोलियां खा ली। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। जिस पर पति उसे रात करीब 2:30 बजे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में उसकी मौत हो गई। कोतवाल रामआसरे सरोज ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। तहरीर मिलने पर मामले में आगे कार्रवाई की जाएगी।

# विवाह घर में खाना खाने से 16 लोगों की बिगड़ी हालत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- उल्टी-दस्त होने पर सीएचसी में कराया गया भर्ती

**अमृत विचार।** कस्बे के मलौंहा रोड पर स्थित एक विवाह घर में शादी समारोह के दौरान खाना खाने के बाद फूड प्वाइजनिंग से 16 लोगों की हालत बिगड़ गई। सभी को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।

कस्बे के मलौंहा रोड़ स्थित एक विवाह घर में सोमवार को शादी समारोह का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान वहां बने खाने को लोग खा रहे थे। खाना खाने के बाद कुछ लोगों की अचानक हालत बिगड़ने लगी। लोगों को उल्टी करते देख आनन-फानन इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। फूड प्वाइजनिंग का शिकार हुए बाराखम्बा मोहल्ला निवासी निखिल (23) पुत्र देवसिंह, भूनेंद्र (30) पुत्र अमरचंद निवासी महोबा, हरिश्चंद्र (42) पुत्र फूलसिंह निवासी नौहाई, बरगांव निवासी चिंटू (20) पुत्र रामधनी, अचल (18) पुत्र देवसिंह, हिमांचल पुत्र अमर सिंह जराखर, प्रिंस (18) पुत्र मानसिंह, स्वामीप्रसाद (70) पुत्र गोपाल, दीपेंद्र(18) पुत्र वीरपाल, श्यामजी (17) पुत्र लाल सिंह, सुनील (30) पुत्र साधुराम, राजेश (45) पुत्र काशीप्रसाद, रज्जू महाराज (60) पुत्र देवकी, संगीता (22) पत्नी अनूप निवासी सिमरिया, मनोज (50) पुत्र रामगोपाल निवासी नौहाई, दर्शनसिंह(28) पुत्र रामप्रकाश निवासी कुम्हरिया के अलावा रामजी निवासी बरगवां को तत्काल इलाज के लिए कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। मौके पर मौजूद सीएचसी के अधीक्षक डॉ .अखिलेश कुमार ने बताया कि फूड प्वाइजनिंग का शिकार हुए लोगों का इलाज किया जा रहा है। अधीक्षक ने लोगों से कहा कि इस भीषण गर्मी में बासी खाना खाने की वजह से अथवा दूषित पानी पीने से फूड प्वाइजनिंग हो सकता है। उन्होंने कहा कि इससे बचने के लिए गर्मी के मौसम में ताजा भोजन करें और साफ पानी पिएं तथा मौसमी फल खायें।

# आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में निकेता पाल बनीं जिला टॉपर

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- डॉक्टर बनकर करना चाहती हैं देश व समाज की सेवा
- 93 फीसद अंक पाकर विद्यालय और घर का नाम रोशन किया



माता-पिता के साथ छात्रा निकेता पाल । अमृत विचार

**अमृत विचार।** आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में जिले के इकलौते विद्यालय अजय मेमोरियल की दसवीं की छात्रा निकेता पाल ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं घर परिवार का नाम रोशन किया है। छात्रा इंटरमीडिएट के बाद नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करके डॉक्टर बनने के सपना संजोये हुए है। छात्रा के पिता सेना में कार्यरत है और मां गृहणी हैं।

अजय मेमोरियल के प्रधानाचार्य अमित कुमार ने बताया कि उनका विद्यालय आईसीएसई बोर्ड का जिले का इकलौता संस्थान है। इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में विद्यालय के 44 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा है।

छात्रा निकेता पाल ने प्रथम, रवि कुमार 89.2 प्रतिशत अंक पाकर दूसरा तथा शुभ तिवारी ने 88 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान हासिल किया है। छात्रा निकेता पाल ने बताया कि उसकी इच्छा डॉक्टर बनकर देश व समाज की सेवा करने की है।

वह इंटरमीडिएट के बाद नीट परीक्षा में शामिल होकर अपना सपना पूरा करना चाहती है। निकेता पाल के पिता रावेंद्र पाल सेना में कार्यरत हैं वहीं मां सरला देवी गृहणी हैं। छात्रा की सफलता पर प्रबंधक प्रेमचंद्र गुप्ता, शिक्षक राकेश कुमार सिंह, प्रांशु शिवहरे, मो.अबूजर, प्रतिष्ठा गुप्ता, श्यामकरण यादव, विशंभर नाथ, बाबूराम, कौशलेंद्र आदि ने हर्ष जताते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। बेटी की इस कामयाबी से माता पिता व अन्य परिजनों के साथ-साथ आस पास के लोग भी काफी खुश दिखे।

## जेसीबी की खुदाई से पेयजल लाइन टूटी

**कुरारा।** कस्बे में हमीरपुर कालपी हाईवे किनारे नाले का निर्माण कार्य होने से जल संस्थान की पाइप लाइन टूट जाने से बेरी रोड व भौली रोड के किनारे बसे मोहल्लों में पानी की आपूर्ति ठप है। इससे वार्ड वासियों को पेयजल समस्या पैदा हो गई है। जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए हैंडपंप का सहारा लेना पड़ रहा है।

कस्बे के बेरी तिराहे के हमीरपुर कालपी हाईवे किनारे बन रहे नाला के लिये जेबीसी से खुदाई होने से पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। रविवार से पानी की आपूर्ति बाधित हो जाने पर कस्बे के वार्ड तीन, नौ, छह व चार नौटंकी मैदान भगत ताला सहित कई वार्डो में आपूर्ति बंद है। लोग दूसरे वार्डो के हैंडपंपों से पानी भरने जाने को मजबूर हो रहे हैं। इस बाबत जल संस्थान के लिपिक राजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि मशीन से खुदाई करने पर पाइप लाइन कई जगह से क्षतिग्रस्त हुई है। जिसको सही करने में एक-दो दिन का समय लग सकता है। पाइप लाइन की लीकेज सही करने के बाद पानी की आपूर्ति से शीघ्र कराई जाएगी।

## पति, सास और जेठ पर मुकदमा दर्ज

**सुमेरपुर।** सुरौली बुजुर्ग के चुनकी डेरा निवासी राजेंद्र सिंह की पुत्री सुषमा देवी का विवाह एटा जनपद के गठिया माखन थाना जैथारा में 17 जून 2017 को मोहित सिंह के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पति मोहित सिंह, जेठ अतुल, सास मिथलेश सिंह अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे विगत दिनों उन्होंने बुरी तरह से जमकर पीटा और जान से मार देने की धमकी दी। थक-हार कर वह मायके लौट आई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर ससुराली जनों के खिलाफ दहेज के लिए प्रताडित करने का मुकदमा दर्ज किया है।

# पार्सल में नशीली दवाओं का डर दिखा कर ठगे 50 हजार

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** पुलिस साइबर अपराधों से बचने के लिए आमजन को जागरूक कर रही है। इसके बाद भी साइबर ठग लोगों को ठगने में कामयाब हो जाते हैं। ऐसे ही एक व्यक्ति से उसके आधार कार्ड की डिटेल के आधार पर उसके द्वारा चीनी कोरियर के माध्यम से नशीली दवाओं को भेजने का भय दिखाकर 50 हजार रुपये ठगने का मामला सामने आया है ।

कस्बे के मराठीपुरा चर्च कम्पाउंड निवासी उपेंद्र सिंह ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पास एक काल आई थी, जिसमें उसके आधार कार्ड की डिटेल के द्वारा बताया गया कि उसने एक कोरियर चाइना भेजा है, जिसमें नशीली दवाएं हैं और उसके बाद स्काईप काल को अंधेरी मुम्बई के प्रदीप सावंत को ट्रांसफर कर दी गई और कथित पुलिस अधिकारी प्रदीप सावंत ने बातचीत की और उसके एसबीआई मौदहा के खाते से 50 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। कोतवाली प्रभारी राम आसरे ने बताया कि उन्हें ऐसे किसी मामले की जानकारी नहीं है।

# शत प्रतिशत मतदान कराने की ली शपथ

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर





मतदान करने के लिए शपथ लेते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ॐ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र/छात्राओं ने मतदाता जागरुकता के तहत अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ ली।

कुंडौरा के ॐ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र/छात्राओं को आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ कराई गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ स्वामी प्रसाद ने छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सशक्त लोकतन्त्र के लिए सभी को मतदान प्रक्रिया में उत्साह पूर्ण ढंग से भाग लेना चाहिए। मतदान के दिन सबसे पहले मतदाताओं को अपने मत का उपयोग करना चाहिए उसके पश्चात कोई अन्य कार्य। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रक्षादीन ने छात्र/छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ.सरिता दुबे, अवधेश कुमार, मनोज कुमार, स्वयंबर सिंह, अजय कुमार, डॉ.अंजली मिश्रा, प्रियंका, सूरज सिंह, अजीत सिंह, नईम बक्श आदि उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों को मतदान के प्रति किया जागरूक

**कुरारा।** विकासखंड क्षेत्र के कंडौर गांव में मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही ज्यादा से ज्यादा मतदान की शपथ दिलाई गई। लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए प्रशासन के निर्देश पर प्रतिदिन मतदाता जागरुकता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। सोमवार को बीडीओ विपिन गुप्ता के नेतृत्व में कंडौर गांव में जागरूक महिलाओं व स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा मतदाता जागरुकता रैली निकाल कर ग्रामीणों को आने वाले लोकसभा चुनाव में वोट डालने के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोग अपने मत का प्रयोग करें। गांव के विद्यालय में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शपथ दिलाई गई। मतदाता जागरुकता रैली में प्रदीप कुमार, आंगनबाड़ी, आशा बहुएं आदि मौजूद रहीं।





कंडौर में जागरुकता रैली निकालते बीडीओ व अन्य।

**लोक सभा चुनाव-2024**

संबंधित अधिकारियों व लोगों से वार्ता करने के बाद दिए आवश्यक दिशा-निर्देश, कहा- किसी भी प्रकार की कमी न रहने पाये

# सात वल्नरेबिल मतदान केंद्रों का प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)



मतदान केंद्र का निरीक्षण करतीं प्रेक्षक प्रियंका दास। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव क्षेत्र में निर्वाचन आयोग से तैनात सामान्य प्रेक्षक प्रियंका दास ने सोमवार को तहसील क्षेत्र में हमीरपुर सदर विधानसभा के वल्नरेबिल सात मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और वहां पर मौजूद लोगों से जानकारियां लेने के साथ साथ उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

प्रेक्षक ने सुबह मंकराव स्थित मतदान केंद्र के निरीक्षण के बाद यहां के वल्नरेबिल रागौल मतदान केंद्र व गांधी इंटर कालेज तथा नेशनल इंटर कॉलेज के बाद रहमानिया इंटर कॉलेज के बूथों को देखा। संबंधित अधिकारियों व लोगों से वार्ता की। इतना ही नहीं इसी के बाद वह इस तहसील के सिसोलर थाना क्षेत्र के वल्नरेबिल केंद्र भैंसमरी, भुलसी गांव के मतदान केंद्रों में पहुंची और वहां के बूथों का एक-एक कर निरीक्षण किया और संबंधित को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उनके साथ लॉइजिंग अफसर के अलावा उप जिलाधिकारी राजेश चंद्र, क्षेत्राधिकारी श्रेयश त्रिपाठी, तहसीलदार बलराम गुप्ता, खंड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल सहित संबंधित थानों के थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# एक भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- सभी 11 प्रत्याशियों को आवंटित किए गए चुनाव चिह्न

**अमृत विचार।** लोकसभा सीट के लिये चुनावी जंग 11 उम्मीदवारों के बीच होगी। सोमवार को नामांकन वापसी की प्रक्रिया में किसी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिए। नाम वापसी प्रक्रिया के बाद विभिन्न दलों के प्रत्याशी और निर्दलीयों को चुनाव चिह्न का आवंटन किया गया। चुनाव चिन्ह मिलते ही प्रत्याशियों ने प्रचार शुरू कर दिया है। यहां पर 20 मई को मतदान होना है।

लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने के लिए 13 लोगों ने नामांकन किया था। जांच में दो प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों में कमी पाए जाने पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरस्त कर दिए थे। इसके बाद 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में बचे थे। सोमवार को नामांकन वापस लेने का अंतिम दिन था, लेकिन एक भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। सोमवार की सुबह 11 बजे से तीन बजे तक निर्धारित समय में किसी भी प्रत्याशी की ओर से नाम वापस नहीं लिया गया। इसके बाद रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए गए। भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह को पार्टी चुनाव चिह्न कमल का फूल, सपा प्रत्याशी अजेंद्र सिंह को साइकिल और बसपा के निर्दोष दीक्षित को हाथी चुनाव चिह्न आवंटित है। इसके अलावा भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी अनुपम कुमार त्रिपाठी को बांसुरी, अल हिन्द पार्टी प्रत्याशी धर्मराज को हरी मिर्च, राष्ट्र उदय पार्टी प्रत्याशी ब्रजेश कुमार पाल को ट्रक, एकलव्य समाज पार्टी प्रत्याशी सुरेश कुमार को फोन चार्जर, स्पष्टवादी जन आधार पार्टी प्रत्याशी संजीव कुमार को बल्ला चुनाव चिह्न आवंटित हुए है। इसके आलावा निर्दलीय प्रत्याशियों में भूवेन्द्र नारायण सिंह को फूलगोभी, राजेश सिंह को बाल्टी एवं संतोष कुमार को आरी का चुनाव चिह्न मिला है।

# चुनाव के लिए खाली हुई गल्ला मंडी, तैयारियां तेज

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)



सुमेरपुर मंडी में की गई बैरिकेडिंग।

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए कस्बे की नवीन गल्ला मंडी पूरी तरह से खाली होकर चुनाव संपन्न कराने के लिए तैयार होने लगी है। हमीरपुर सदर एवं राठ (अनुसूचित) विधानसभा सीटों के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम के बाहर बैरिकेडिंग का कार्य पूर्ण हो गया है। साथ ही सभी खराब सड़कों को मरम्मत कराकर उनको चकाचक कर दिया गया है। व्यवस्था को इस तरह से अंजाम दिया जा रहा है कि यहां परिंदा पर नहीं मार सकता है।

हमीरपुर लोकसभा का मतदान पांचवें चरण में प्रस्तावित है। चुनाव की समस्त प्रक्रिया नवीन गल्ला मंडी में संपन्न होगी। इसके लिए प्रशासन ने गल्ला मंडी को पहली मर्तबा पूरी तरह से खाली कराया है। मंडी खाली होने के बाद प्रशासन की ओर से तैयारियां जारी है। जिले की दोनों विधानसभा सीटों की ईवीएम मशीनों के लिए अलग-अलग स्ट्रांग रूम बनाकर चारों तरफ से बैरिकेडिंग कराकर सुरक्षित किया है। अन्य कार्यों के लिए बैरिकेडिंग का पूरा खाका तैयार करके चिहांकन किया गया है ताकि समय रहते कार्य को पूर्ण कराकर अंतिम रूप दिया जा सके। मंडी की खराब सड़कों को चकाचक कर दिया गया है। 19 मई को मतदान के लिए यहां से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा।

